KJ-1411

M.A. (Previous)
Term End Examination, 2020

HINDI LITERATURE

Paper - I

हिन्दी साहित्य का इतिहास

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 100
[*Minimum Pass Marks* : 36

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं। अनर्गल एवं विषयांतर लेखन पर अंक काटे जाएँगे।

1. हिंदी साहित्येतिहास के पुनर्लेखन में आने वाली समस्याओं का विवेचन कीजिए। 15

अथवा

आदिकाल की तात्कालिक परिस्थितियों का सारगर्भित विवेचना कीजिए।

2. भक्तिकालीन साहित्य की प्रमुख विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए। 15

अथवा

सगुण भक्ति की प्रमुख विशेषताओं का विवेचन कीजिए।

3. रीतिकाल के विभिन्न काव्यधाराओं की सार्थक विश्लेषण कीजिए। 15

अथवा

हिन्दी खड़ी बोली के विकास की क्रमिक रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए।

4. छायावाद की प्रमुख प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिए। 15

अथवा

प्रयोगवाद के उद्‌भव एवं विकास के साथ-साथ उसकी प्रमुख विशेषताओं को समझाइए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 5×4

(क) सिद्ध साहित्य

(ख) पुष्टि मार्ग

(ग) भूषण का साहित्य

(घ) हालावाद

(ङ) उपन्यास के तत्व

(च) ऐतिहासिक नाटक एवं नाटककार

(छ) सरस्वती पत्रिका

(ज) नई कहानी

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **बीस** लघु-उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×20

(क) गार्सा-द-तासी द्वारा लिखित प्रथम 'हिन्दी साहित्य के इतिहास' पुस्तक का नाम लिखिए।

(ख) आदिकालीन साहित्य की भाषा का नाम लिखिए।

(ग) अमीर खुसरो का मूल नाम क्या है?

(घ) 'पुष्टि मार्ग का जहाज' किस कवि को कहा जाता है?

(ङ) हीरामन तोता किस महाकाव्य का पात्र है?

(च) 'रामचरितमानस' की भाषा का नाम लिखिए।

(छ) साख्य भक्ति पर आधारित सगुण भक्ति काव्यधारा का नाम लिखिए।

(ज) 'कठिन काव्य का प्रेत' की उपाधि किस कवि को दी जाती है?

(झ) 'हिय की आंखें, नेह की पीर' किस कवि के लिए कहा जाता है?

(ञ) संयोग श्रृंगार के वर्णन के लिए प्रसिद्ध रीतिकालीन कवि का नाम लिखिए।

(ट) किसी एक रीतिमुक्त कवि का नाम लिखिए।

(ठ) छत्तीसगढ़ के किस साहित्यकार को 'सरस्वती' पत्रिका का संपादन करने का अवसर मिला था?

(ड) 'मुक्तिबोध' का पूरा नाम लिखिए।

(ढ) फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कहाँ हुई थी ?

(ण) प्रेमचंद की कहानी किस नाम से संकलित है ?

(त) कहानी के तत्वों की संख्या लिखिए।

(थ) कथाकार मोहन राकेश का पूरा नाम लिखिए।

(द) 'साए में धूप' किसका गजल संग्रह है ?

(ध) 'मैला आंचल' उपन्यास है — ऐतिहासिक या आंचलिक।

(न) 'सरोज स्मृति' किस कवि की कृति है ?

(प) 'पृथ्वीराज रासो' में सर्गों की संख्या कितनी है ?

(फ) 'मैथिल कोकिल' किस कवि का दूसरा नाम है ?

(ब) एक सुप्रसिद्ध मुस्लिम कृष्णभक्त कवि का नाम लिखिए।

(भ) 'अलंकार काल' के नाम से हिन्दी साहित्य के किस काल को जाना जाता है ?

(म) 'अशोक के फूल' किसकी निबंध रचना है ?